पत्रांकः— 231/18

प्रेषकः—

प्राचार्य,
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय,
मुजफ्फरपुर ।

सेवा में,

डॉ0 चन्द्रमोहन झा,
निदेशक प्रमुख (परि0क0, मातृ शिशु स्वा0 एवं नर्सिंग),
स्वास्थ्य सेवाएँ,
बिहार, पटना ।

मुज0 दिनांकः— 30-01-18

विषय— दिनांक — 20.11.17 को विभागीय ज्ञापांक —331 (HS) दिनांक — 10.11.17 के आलोक में गठित राज्य स्तरीय समिति द्वारा श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर के निरीक्षण के उपरान्त दिए गए निदेशों से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में ।

महाशय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्रांक — 31/नि0प्र0को0 दिनांक — 18.01.18 के निदेशानुसार स्वास्थ्य विभागीय ज्ञापांक —331 (HS) दिनांक — 10.11.17 के आलोक में गठित राज्य स्तरीय समिति द्वारा दिनांक — 21.11.17 को इस चिकित्सा महाविद्यालय का भारतीय चिकित्सा परिषद के मानक के आलोक में निरीक्षण के उपरान्त आपके द्वारा दिए गए निदेशों के अनुपालन में दर्शायें गए बिन्दुओं पर कॉलेज/अस्पताल प्रशासन द्वारा किए गए अग्रतर कार्रवाई एवं अद्यतन स्थिति प्रतिवेदन निम्न रूपेण है :—

1) मरीजो एवं उनके परिजनो के लिए पूछ—ताछ की व्यवस्था पूर्व से है, पूछ—ताछ काउन्टर निर्माण हेतु अस्पताल प्रशासन द्वारा पी0डब्ल्यू0डी0 विभाग को सूचित किया गया है, जल्द ही कार्रवाई सुनिश्चित होगी ।

2) मरीजो के परिजनो/अटेंडेंटो के लिए समुचित शेड/प्रतीक्षालय/विश्रामालय की व्यवस्था हेतु भी अस्पताल प्रशासन द्वारा संबंधित विभाग को सूचित किया जा चुका है ।

3) मरीजो/परिजनों के लिए कैन्टीन/मेस की व्यवस्था हेतु कॉलेज/अस्पताल प्रशासन द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है ।

4) इस चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल परिसर में सभी हेतु शुद्ध पेय जल की समुचित उपलब्धता है ।

5) मरीजो/परिजनों/अटेंडेन्टों के लिए अस्पताल परिसर में एक निःशुल्क सुलभ शौचालय पूर्व से है । अतिरिक्त निर्माण के लिए संबंधित विभाग को सूचित किया गया है ।

6) Critical Care Unit में भेन्टीलेटर की व्यवस्था अस्पताल प्रशासन द्वारा शीघ्र करने की बात कही गई है ।

7) मरीजो को दिए जाने वाले डायट में पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन पूर्व/वर्तमान में उपलब्ध कराया जा रहा है ।

8) डायलेसिस कक्ष को फंकशनल बनाने के लिए डायलेसिस टेकनिशीयन की बहाली आवश्यक है । अधोहस्ताक्षरी ने चलन्त साक्षात्कार के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों की सूची पूर्व में ही आवश्यक कार्रवाई हेतु स्वास्थ्य निदेशालय को उपलब्ध करा दिया है ।

9) एम0सी0आई0 के अनुरूप प्लास्टर रूम एवं प्लास्टर कटिंग रूम को पृथक करना आवश्यक है, परन्तु पुराना भवन होने के कारण पर्याप्त जगह के अभाव के कारण इसे पृथक नही किया जा सका है । भविष्य में यथाशीघ्र कार्रवाई की जाएगी ।

10) वर्तमान में सम्पूर्ण कॉलेज/अस्पताल के आंतरिक/वाह्य परिसर में पूर्ण रूप से समुचित साफ–सफाई है ।

11) एम0सी0आई के अनुरूप सभी वार्डो में Examination Cum Treatment Room की व्यवस्था हेतु अस्पताल प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है ।

12) प्री0 एवं पोस्ट ऑपरेटिव वार्डो में एम0सी0आई0 के अनुरूप 05 विस्तरों की जगह 10 विस्तर की व्यवस्था आवश्यक है, परन्तु भवन पुराना होने के कारण पर्याप्त जगह का अभाव है, जिसका तत्काल निराकरण नही किया जा सकता है । भविष्य में अस्पताल प्रशासन द्वारा पूर्ण करने की स्वीकारोक्ति दी गई है ।

13) विभाग में समुचित जगह के अभाव के कारण एम0सी0आई0 के अनुरूप अलग सेपटीक लेबर रूम की व्यवस्था वर्तमान में नही है । विभागाध्यक्ष, स्त्री एवं प्रसव रोग विभाग द्वारा यह बताया गया है कि वर्तमान में यह व्यवस्था विभाग में है, पर सेपरेट नही है ।

14) आपके निर्देश के आलोक में अस्पताल प्रशासन एवं विभागाध्यक्ष, मेडिसीन विभाग द्वारा उपलब्ध टेकनिशीयन एवं स्टाफ नर्स को पी0एम0सी0एच0, पटना में Refresher Training कराकर डायलेसिस यूनिट को चालू कराने हेतु अग्रतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है ।

15) अन्त्य परीक्षण गृह के लिए डीप फ्रीजर, पोस्टमॉर्टम टेबल एवं अन्य आवश्यक उपकरणो को पूरा करने के लिए विभागाध्यक्ष, एफ0एम0टी विभाग के माँग के आलोक में प्राचार्य स्तर से सरकारी नियमानुसार अग्रतर कार्रवाई प्रारम्भ की जा चुकी है ।

16) एम0सी0आई0 द्वारा दर्शाये गए Deficiency के मद्देनजर ई0टी0ओ0 स्टरलाईजर एवं सेंट्रल रिसर्च लेबोरेट्री की स्थापना हेतु स्वास्थ्य विभाग/BMSICL, Patna को अधोहस्ताक्षरी के स्तर से पत्र लिखा जा चुका है ।

17) अस्पताल में लेक्चर थिएटर की स्थापना हेतु सरकार द्वारा स्वीकृति मिल चुकी है, निर्माण कार्य शेष है ।

18) अस्पताल प्रशासन द्वारा यह जानकारी दी गई है कि पी0पी0 मोड में सी0टी0 स्कैन मशीन की उपलब्धता हेतु एग्रीमेंट किया जा चुका है, शीघ्र ही आपूर्ति होने की सम्भावना है ।

19) एम0सी0आई0 के मानक के अनुरूप फैकल्टी/रेजिडेंट के रिक्ति को पूरा करने के लिए मुख्यालय स्तर से कार्रवाई आवश्यक है ।

20) इस महाविद्यालय में आकस्मिकि चिकित्सा पदाधिकारी का पद सृजित नही है । पूर्व में पद सृजन एवं पदस्थापना हेतु प्राचार्य द्वारा विभाग को सूचित किया जा चुका है । अतएव उक्त पद का सृजन एवं पदस्थापन हेतु कार्रवाई मुख्यालय स्तर से आवश्यक है ।

21) अन्य गैर शैक्षणिक पद (लाईब्रेरियन/सहायक लाईब्रेरियन/पारा मेडिकल स्टाफ/ऑडियोमेट्री एवं स्पीच थेरापी टेकनिशीयन/अन्य मानव संसाधन) को मुख्यालय स्तर से पूरा किया जाना है ।

यह आपके सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

विश्वासभाजन
ह0/–
प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर

ज्ञापांकः–                                दिनांकः–

प्रतिलिपिः–1) अधीक्षक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2) प्रभारी प्राध्यापक (प्र0)/Estate Officedr/बरसर/ओ0एस0डी0, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।

3) सभी विभागाध्यक्ष, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

4) आई0टी0 सेक्शन, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।

30/1/18

प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर